Ans. (*) : अहाड़ संस्कृति जिसे बनास संस्कृति के नाम से भी जानते है यह भारत की ताम्र पाषाणिक संस्कृति हैं वर्ष 1961-62 में एच.डी. संकालिया के नेतृत्व में उत्खनन कार्य प्रारंभ हुआ। यहाँ से ताँबे के भंड़ार प्राप्त हुए है। यह एक कृषि कार्य आधारित संस्कृति थी जहाँ कृषि कार्य एवं पशुपालन के प्रमाण प्राप्त हुए हैं। यहाँ गेहूँ, जौ ,बाजरा सहित कई फसलों का उत्पादन होता था। आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर * दिया है।

1422. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए उत्तर दीजिए:

सूची-I (फसल)	सूची-II (उच्च उपज किस्म)
A. गेहूँ	i. माही कंचन
B. जौ	ii. आरएचबी-30
C. बाजरा	iii. आरडी-2035
D. मक्का	iv. राज- 3077

कूट:

	A	B	C	D
(1)	iv	iii	ii	i
(2)	iii	iv	i	ii
(3)	i	i	iv	iii
(4)	ii	i	iii	iv

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (a) : सही सुमेलन है।

(फसल)	-	(उच्च उपज किस्म)
गेहूँ	-	राज -3077
जौ	-	आरडी - 2035
बाजरा	-	आरएचबी-30
मक्का	-	माही कंचन

1423. 'ऑपरेशन फ्लड' किससे संबंधित है?

(a) आपदा प्रबंधन (b) नदी जल संवर्धन
(c) वनीकरण (d) दुग्ध उत्पादन

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (d) : 'आपरेशन फ्लड' दुग्ध उत्पादन बढ़ाने से संबंधित है। भारत में 'आपरेशन फ्लड' के प्रणेता वर्गिस कुरियन को माना जाता है। 'आपरेशन फ्लड' का प्रारम्भ वर्ष 1970 से किया गया था।

1424. राजस्थान में 'बीड़'_______स्थानीय नाम है।

(a) चारागाह का (b) कंटीले वन का
(c) तिलहन का (d) खाद्यान्न का

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (a) : राजस्थान में चारागाहों का स्थानीय नाम 'बीड़' है। ये बीकानेर, जोधपुर, सीकर आदि जिलों में पाये जाते हैं।

1425. माही कंचन और माही धवल किस फसल की किस्में हैं?

(a) गेहूँ (b) चावल
(c) जौ (d) मक्का

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (d) : माही कंचन एवं माही धवल मक्का की प्रजाति है। राजस्थान में प्रमुख मक्का उत्पादक जिले- उदयपुर, चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा बाँसवाड़ा इत्यादि। मक्का मुख्यतः एक ग्रीष्मकालीन फसल है।

1426. दुर्गापुर केसर एक प्रसिद्ध किस्म है _______

(a) खजूर की (b) धनिये की
(c) जीरे की (d) तरबूज की

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (d) दुर्गापुर केसर तरबूज की प्रसिद्ध किस्म है। यह एक पीले मांसल वाला तरबूज होता है। इस तरबूज की प्रजाति का विकास 'राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर' द्वारा किया गया है।

1427. राजस्थान काश्तकारी अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ था?

(a) 1955 (b) 1959
(c) 1952 (d) 1949

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (a) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम वर्ष 1955 में लागू किया गया। अबू, अजमेर एवं सुनेल में यह अधिनियम जून, 1958 से लागू किया। इस अधिनियम के द्वारा सभी बिचौलिये को पूर्णतया समाप्त कर दिया गया। राज्य को सभी भूमि का स्वामी माना गया।

1428. निम्न से क्या राजस्थान की हरित क्रान्ति से संबंधित नहीं है?

(a) HYV बीजों का उपयोग बढ़ना
(b) उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग घटना
(c) सहकारी ऋण सुविधाओं का बढ़ना
(d) सकल कृषि क्षेत्र का बढ़ना

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग घटना राजस्थान की हरित क्रान्ति से संबंधित नहीं है। जबकि HYV बीजों का उपयोग बढ़ना, सरकारी ऋण सुविधाओं की वृद्धि तथा सकल कृषि क्षेत्र में वृद्धि राजस्थान की हरित क्रान्ति से संबंधित हैं उल्लेखनीय है भारत में हरित क्रान्ति की शुरूआत वर्ष 1966-67 में हुई थी। भारत में हरित क्रान्ति का जनक डॉ. एम.एस.स्वामी नाथन को माना जाता है।

1439. निम्न सभी राजस्थान की रबी की तिलहन है, सिवाय :

(a) तोरिया-सरसों (b) तारामीरा
(c) अलसी (d) मूँगफली

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) राजस्थान में रबी की तिहलन फसलों में सरसों, राई, तारामीरा तथा अलसी है, जबकि खरीफ की तिलहन की फसलों में मूँगफली, सोयाबीन, तिल व अरंडी प्रमुख है। तिलहन उत्पादन में राजस्थान का देश में पहला स्थान है।

1430. बुवाई क्षेत्र के मानकों के आधार पर राजस्थान की मुख्य फसल हैं-

(a) बाजरा (b) गेहूँ
(c) चावल (d) कपास

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (a) बुआई क्षेत्र के मानकों के आधार पर राजस्थान की मुख्य फसल बाजरा है। बाजरा के लिए शुष्क जलवायु उपयुक्त है। बाजरे की बुआई मई,जून या जुलाई माह में होती है। बाजरे की बुवाई करते समय तापमान 35º से 40º सेन्टीग्रेड तक होना चाहिए। बाजरे के लिए वर्षा की मात्रा 50 सेमी. से कम उपयुक्त रहती है।